# CAPE TOWN SAMVAD

## MAY 21-JUNE 21-JULY 21

**CAPETOWN AOA**

Website : www.capetownaoa.in, Twitter : @capeowners,

Facebook : @capetownaoa

# Capetown Isolation, Oxygen & Nursing Facility

<u>**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया**</u>

**<u>Date 10.05.2021 Good News - Oxygen Arranged for Capetown</u>**

Dear Residents,

We got 8 jumbo 50 litre empty cylinders of oxygen from one of our fellow residents.


नोएडा LIVE सिटी

हिन्दुस्तान

सोसाइटी ने खुद तैयार किया आइसोलेशन वार्ड

We extend our sincere thanks to him for his kind help in such crisis situation.

These cylinders were given to Noida Authority which were returned to us 10.05.2021 filled with lifesaving oxygen from BHEL Haridwar.



These Cylinders along with 6 regulators, few oxygen masks, cannula tubes, Adjustable wrench and two keys were handed over to facility team in Club1 to activate the Covid Isolation Center of our Capetown society.

Thereafter on demand of Capetown residents,



male Nursing Staff service started at Isolation Center.

Any resident in need can avail Isolation, Oxygen and Nursing services at Club1 for free of charge 24x7. **Contact details for this facility are as under -**



Club1

Intercom

300101

Nursing Staff

Sachin (8AM to 8 PM) 7417114771 Purushottam 8 PM to 8AM 9313857832, 9871168488




For any special medical expert help, please seek consultation or visit of doctor on your own arrangements.

**Conditions for availing the facility**

A. Patient using the facility/any services need



to sign a consent form/ undertaking and on producing a copy of Aadhar card and Covid positive report if test is done.



B. This is an interim arrangement for non-critical patient only.

C. Please note that this facility is just to give an oxygen support or nursing assistance till patient restores normalcy or arranges medical expert or a hospital bed or an ambulance. This facility must not be treated as a medical center.



If some resident tests covid positive please report to facility team thru whatsapp on helpdesk number 8929522300 and also to AOA along with covid positive reports thru e mail at aoacapetown@gmail.com , Stay Safe - Stay Healthy

## Daily Online Yoga Session for Corona Warriors and Other Residents

Capetown AOA with Capetown Yog Guru Sh Atul Srivastava has started on 01.05.2021 Daily online Yoga for Corona warriors and other residents at 7am to 7. 30 am.

These Yoga sessions are being performed daily since then by Sh Atul Srivasatava Capetown residents. Corona warriors are getting benefit from these sessions.

Yog Guru Sh Atul Srivastava have been serving Capetown Residents for free Yoga sessions since 2015 in Capetown society.



# COVID TESTING CAMP


As you all are aware that during the period of crises i.e 20th April to 20th May 2021, when various Medical Testing Labs and hospitals had stopped their services of home collections for Covid Testing at standard market rates.




Cape Town AOA in collaboration with **Hindustan Wellness** and **1mg** has performed COVID care testing drive by organising two paid Covid Testing CAMP for Capetown residents on 02.05.2021 and 17.05.2021, and one Free







Covid Testing Camp on 27.05.2021. Residents of society has participated in large numbers in this drive.

## First Capetown Covid Vaccination Camp CCVC Sunday 30.05.21

We are glad to share that AOA in association





with Fortis Hospital Noida has successfully conducted first (Sunday) vaccination camp in cape town society.



Registration process to the camp was launched by AOA on 25.05.2021 where more than 200 registrations accepted by the Fortis Hospital for vaccination drive on the Day of Camp. Capetown society residents supported the



hospital staff by abiding all the instructions given by hospital and by following the Social Distancing norms as per guidelines issued by Government of India.



Aside above the Cape Town AOA had discussed with Respected Pankaj Singh



We have total 4419 flats in Capetown and approximately 22000 people residing in our society. Therefore, In-order to Facilitate all residents, we would request you to Organize On Site Vaccination Cam… at Capetown Sector 74.

We may have following number o… people aspiring for vaccine -
a) 18 - 45 years : 3000 aprox
b) > 45 years : 2000 aprox


Request you to guide us on the next steps for a smooth vaccination drive @ minimum possible rates so as to facilitate residents.

Thanks & Regards
Arun Sharma
President Capetown AOA
Sector 74 Noida
Ph.9717596746
E mail : aoacapetown@gmail.com

Reply Reply all Forward

(Hon'ble MLA Noida) to launch Drive thru vaccination drive for Capetown Residents.

In line of above the Noida Administration has issued orders for acquisition of North Eye for the said vaccination drive.



Covid Vaccine Camp in Capetown Sector 74 Noida

Capetown AOA Ma... 00:15
to kailash.71noida

To,
Dr. Pallavi Sharma
Director Kailash Hospital
Sector 71 Noida

Subject:- Request for On-Site Vaccination at Capetown Sector 74

Dear Madam
We would like to bring your attention towards ongoing Covid-19 situation at Capetown Sector 74 Noida.
Our Society gone through a very tough time due to high number of Covid-19 cases.

We have total 4419 flats in Capetown and approximately 22000 people residing in our society.

Taking the size of society in consideration we are also in touch with Kailash Hospital Management to Launch the subsequent vaccination drives at more economical prices for our respected Capetown society residents.

Now the Kailash Hospital Management has agreed for the cost for vaccination for Rs 850, and they are working on schedule.

We have shared the approximate quantity of vaccination needed for our society of different age brackets i.e 18-44 years and 45 and above.

**Regards,**

**Team Capetown AOA.**

**Website: [www.capetownaoa.in](http://www.capetownaoa.in), Twitter: @capeowners, Facebook: @capetownaoa**













सेक्टरों में टीकाकरण कैंप लगवा रहीं आरडब्ल्यूए

एनबीटी न्यूज, नोएडाः कोरोना की चेन को तोड़ने के लिए सेक्टर की आरडब्ल्यूए और एओए अपने स्तर पर पेड वैक्सीनेशन कैंप लगवा रही हैं। इसमें लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को कई जगहों पर वैक्सीनेशन का कार्य हुआ।

फोनरवा के तत्वाधान में सेक्टर 27 आरडब्ल्यूए ने नोएडा क्लब 27 में कोविड वैक्सीनेशन का कैंप आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जी व विधायक पंकज सिंह व फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने किया। सेक्टर 27 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष राजीव गर्ग ने बताया कि इस कैंप में सेक्टर में कार्यरत लाइनमैन, गार्ड, स्टाफ आदि के वैक्सीन का भुगतान सेक्टर-27 आरडब्ल्यूए की ओर से किया गया। यहां 200 से अधिक लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, सेक्टर 74 केपटाउन सोसायटी में पहले टीकाकरण कैंप में 360 लोगों को टीका लगा। एओए अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि टीकाकरण के लिए निवासियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। वहीं,

नोएडा में लग रहे कैंप

अंतरिक्ष गोल्फ व्यू-2 सेक्टर 78 में कैलाश हॉस्पिटल की ओर से कोविड शील्ड वैक्सीन का पेड कैंप का आयोजन किया गया। सोसाइटी निवासी शिव मोहन भारद्वाज ने बताया कि इस वैक्सीन कैंप के आयोजन में डॉक्टर पल्लवी शर्मा डायरेक्टर कैलाश हॉस्पिटल का भी आगमन हुआ। इस कैम्प में 127 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इस कैम्प को सफल बनाने में राम जी गुप्ता, अंकित त्यागी, शेखर देशमुख, देव ऋषि गुप्ता, विक्की गुप्ता, सुराजीत साह, सचिन शर्मा का विशेष सहयोग रहा।













Capetown AOA has allocated time slots to 359 residents who had registered with Fortis Hospital, residents reached the CAMP area as per allocated time slots and got vaccinated. Vaccination programme was well managed and Capetown AOA thanked all the volunteers, fortis hospital management, residents and facility staff for making the camp successful.




















विनय गोयल आदि मौजूद रहे।

**वैक्सीनेशन कैंप आज लगाया जाएगा**

नोएडा। सेक्टर-74 में सेवन-एक्स सोसाइटी की पहल पर रविवार को टीकाकरण शिविर लगाया जाएगा। फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से शिविर लगाया जाएगा। केपटाउन सोसाइटी के क्लब नंबर दो में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक वैक्सीन लगाई जाएगी। शिविर में 300 से लोगों ने पांजीकरण कराया है। 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को टीके लगाए जाएंगे।




**ड ड्राप सुविधा**

**सेक्टर-74 की केपटाउन सोसाइटी में टीकाकरण आज**

नोएडा। सेक्टर-74 स्थित केपटाउन सोसाइटी में आज टीकाकरण शिविर लगेगा। एओए अध्यक्ष अरुण शर्मा ने बताया कि फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से सोसाइटी में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक निवासियों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण के लिए 300 से अधिक निवासियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। 18 वर्ष से अधिक के लोगों को टीके की दोनों में से कोई भी डोज लगाई जा सकेगी। वरिष्ठ जनों और अन्य लोगों के लिए क्लब-1 में ऑफ लाइन पंजीकरण कराने की सुविधा दी गई है। ब्यूरो

**सोसाइटी कोरोना मुक्त**



# द्वितीय टीकाकरण कैम्प केपटाउन

**प्रिय केपटाउन निवासियों नमस्कार ,**

**आपकी AOA द्वारा कैलाश अस्पताल की टीम के सहयोग से केपटाउन सेक्टर 74 के क्लब 2 पर आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कोरोना से बचाव हेतु कोविशील्ड टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 112 लोगों को टीका लगाया गया।**

**टीकाकरण के लिए निवासियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था। वरिष्ठ जन व अन्य लोग जो ऑनलाइन पंजीकरण नहीं करा सके उन्हें क्लब पर पहुंच कर ऑफलाइन पंजीकरण कराने की सुविधा दी गई थी। 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्तियों को टीके की दोनों में से कोई भी डोज लगाई गई।**

**आज के टीकाकरण कैम्प में सभी टीका लाभार्थियों ने अनुशासन के साथ भौतिक दूरी का पालन करते हुये टीका लगवाया।**

**सोसायटी के विभिन्न टावर में रहने वाले 20 - 25 निवासियों ने व्यक्तिगत और सामुहिक सहयोग कर 2 गार्ड, 2 ड्राइवर और 9 घरेलू कर्मचारियों को भी टीका लगवाया। साधुवाद।**

**इस टीकाकरण कैम्प को सफल बनाने के लिए हम कैलाश अस्पताल और टीकाकरण में सहयोग देने वाले स्वयं सेवकों, सभी रेजीडेंट और फैसिलिटी टीम का धन्यवाद करते हैं।**

**ज्ञात हो कि इससे पहले केपटाउन में 30 मई को आयोजित कैम्प में 335 लोग कोविड टीका लगवा चुके हैं।**

🙏सधन्यवाद

केप टाउन एओए








केप टाउन एओए द्वारा प्रशासन कि मदद से एक मुफ़्त टीकाकरण कार्यक्रम भी कराने कि योजना है




**केप टाउन मे 21 जून 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इसकी कुछ झलकियां इस प्रकार से है :-**







# सीधा सरकारी बिजली कनेक्शन





पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनाँक 04.07.21 दिन रविवार सुबह 11 बजे केपटाउन सोसायटी सेक्टर 74 नोयडा में सिंगल पॉइन्ट बिजली कनेक्शन को मल्टीपॉइन्ट डायरेक्ट बिजली कनेक्शन में बदलने हेतु पश्चिमआंचल विद्युत वितरण निगम के उप मंडल अधिकारी श्री आर एम वर्मा, कनिष्ठ अभियंता, अन्य अधिकारी एव रेडियस के कर्मचारी, ऐ ओ ऐ एव निवासियों की मीटिंग में विस्तृत चर्चा हुई।

मीटिंग में बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उ प्र शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार सभी बहु मंजिला सोसायटियों में बिल्डर द्वारा नियंत्रित बिजली वितरण व्यवस्था को हटाकर बिजली निगम के द्वारा बहु बिंदु संयोजन स्वीकृत कर सभी फ्लैट मालिकों को विभाग से सीधा विद्युत वितरण किया जायगा। इस हेतु सभी विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त 20720 रुपये जमाकर सीधे कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। जिस पर फ्लैट मालिक उपभोक्ताओं को 5 साल की गारंटी युक्त नया मीटर और न्यूनतम 5 किलोवाट से अधिकतम 25 किलोवाट का सीधा कनेक्शन पश्चिमआंचल विद्युत वितरण निगम से मिल जायगा। बिजली बिल भी उपभोग के अनुसार रू० 5.50 प्रति यूनिट से शुरू होकर अधिकतम 7.00 प्रति यूनिट होगा तथा साथ में अग्रिम रिचार्ज पर 2% की छूट भी मिलेगी। जबकि वर्तमान में बिल्डर रू० 7.70 प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल का चार्ज कर रहा है। बिजली निगम अतिरिक्त विद्युत भार बढ़ाने के 5 किलोवाट से 25 किलोवाट तक कुल 100 रू चार्ज करेगा जबकि बिल्डर 29500 रू० प्रति किलोवाट वसूल रहा है। विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि अगले 75 से 90 दिनों के अंदर संपूर्ण केपटाउन की बिल्डर नियंत्रित एकल बिंदु विद्युत व्यवस्था को सरकारी विद्युत निगम से सीधे बहुबिन्दु विद्युत संयोजन वितरण व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया जायगा।

विद्युत विभाग से सीधा कनेक्शन मिलने का केपटाउन वासी काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, अतः मीटिंग में मौजूद लगभग 70 निवासियों ने एकमत से मल्टीपॉइन्ट कनेक्शन का स्वागत करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। कोरोना काल में सुरक्षा कारणों से जो निवासी मीटिंग में भाग नहीं ले सके उन्होंने सोसायटी के सोशल मीडिया ग्रुप में इसके समर्थन में अपने संदेश प्रसारित किए।

केपटाउन अध्यक्ष ने निगम के अधिकारियों और निवासियों का हार्दिक धन्यवाद किया तथा निवासियों से अपील की कि बिल्डर द्वारा बिजली बिल में की जा रही गड़बड़ियों से मुक्ति हेतु सभी को बिजली निगम से सीधा कनेक्शन लेना चाहिये। जिन फ्लैट मालिकों की रजिस्ट्री नहीं हुई है उन्हें निगम से सीधा सरकारी बिजली कनेक्शन उनके फ्लैट पर मालिकाना हक को और भी कानूनी मजबूती देगा।

🙏 सधन्यवाद



पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि
सूचना



फटाफट खबरें

अथॉरिटी की सीईओ आज करेंगी सिविल योजनाओं का निरीक्षण

मल्टिपॉइंट कनेक्शन के लिए हुई बैठक



अमर उजाला 5.7.21

सोसाइटी में मल्टी प्वाइंट कनेक्शन की दी जानकारी

नोएडा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने सेक्टर-74 स्थित केपटाउन सोसाइटी निवासियों को मल्टी प्वाइंट कनेक्शन से जुड़ी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोसाइटियों में बिल्डर द्वारा नियंत्रित बिजली वितरण व्यवस्था को हटाकर बिजली निगम के द्वारा बहु बिंदु संयोजन स्वीकृत कर सभी फ्लैट मालिकों को विभाग से सीधा कनेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को एकमुश्त 20720 रुपये जमाकर सीधे कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। उपभोक्ताओं को 5 वर्ष की गारंटी युक्त मीटर और न्यूनतम 5 किलोवाट से अधिकतम 25 किलोवाट का सीधा कनेक्शन दिया जाएगा। बिजली बिल भी उपभोग के अनुसार 5.50 प्रति यूनिट से शुरू होकर अधिकतम 7.00 प्रति यूनिट होगा तथा साथ में अग्रिम रिचार्ज पर 2 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। जबकि वर्तमान में बिल्डर 7.70 प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल का चार्ज कर रहा है। बिजली निगम अतिरिक्त विद्युत भार बढ़ाने के 100 रु चार्ज करेगा जबकि बिल्डर प्रति किलोवाट ज्यादा वसूल रहा है। ब्यूरो

केपटाउन एओए सभी निवासियों से निवेदन करती है इस सीधे सरकारी बिजली कनेक्शन के लिए अविलंब आवेदन करें इससे न केवल आपको बिल्डर द्वारा लगाए गए अनायास चार्ज से आजादी मिलेगी बल्कि बिल्डर द्वारा बिजली काटने के डर से किए जा रहे शोषण से भी आजादी मिलेगी।

















Dear Capetown Residents,

We are glad to share that after successful completion of two Camp Meeting at Capetown Society, PVVNL department has asked M/s Radius vide letter dated 13.08.2021 to do the Capetown Society Survey and submit the report with a plan to complete the desired task in conversion from single point connection to Multipoint connection.
Regards, Capetown AOA.

# रेरा सुनवाई - दिनांक 12 जुलाई 2021

केपटाउन सोसायटी सेक्टर 74 नोयडा में लंबित 1700 से अधिक फ्लैट की रजिस्ट्री के विषय पर उ० प्र० रेरा ऑनलाइन सुनवाई की। इस सुनवाई में केपटाउन के लगभग 50 फ्लैट मालिक बिल्डर सुपरटेक के प्रतिनिधि, केपटाउन ऐ ओ ऐ अध्यक्ष अरुण शर्मा और 3 RERA अधिकारी उपस्थित थे। RERA अधिकारियों ने फ्लैट मालिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सुपरटेक के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा।
AOA अध्यक्ष अरुण शर्मा, फ्लैट मालिक शशि शर्मा, राजीव रस्तोगी, मेजर जनरल रैना और नरेश दुआ ने बिल्डर और नोयडा प्राधिकरण द्वारा बिना कारण रजिस्ट्री रोकने से होने वाली मानसिक पीड़ा को विस्तार से बयान किया। अरुण शर्मा ने बताया कि 1700 फ्लैट मालिकों ने एक एक पैसे का भुगतान बिल्डर को किया हुआ है फिर उनकी रजिस्ट्री रोककर उनको मालिकाना हक से वंचित रखना नैतिक और कानूनी रूप से अवैध और मानसिक एव आर्थिक शोषण है।

प्राधिकरण अपने बकाया की वसूली के लिए बिल्डर की निजी या अन्य संपत्ति को बंधक बनाए पर केपटाउन में रुकी हुई रजिस्ट्री यथा शीघ्र शुरू की जाएँ।

RERA अधिकारियों ने बिल्डर की कड़ी फटकार लगाते हुए लिखित में समयबद्ध कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा है। और साथ में फ्लैट मालिकों को अपनी सभी समस्याओं को विस्तृत रूप से लिखकर AOA के माध्यम से RERA तक पहुँचाने के लिए कहा है।

अंत में केपटाउन के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने RERA के अधिकारियों का धन्यवाद किया और अपील की कि केपटाउन में 1700 फ्लैट की लंबित रजिस्ट्री यथा शीघ्र कराएं।

# सुपरटेक केपटाउन सोसायटी के खरीदारों ने सुनवाई में यूपी रेरा से रजिस्ट्री की रखी मांग

■ एनबीटी न्यूज, नोएडा: सेक्टर 74 सुपरटेक केपटाउन सोसायटी में लंबित 1700 से अधिक फ्लैट की रजिस्ट्री के विषय पर उप्र रेरा ने माइक्रोसॉफ्ट टीम ऐप पर ऑनलाइन सुनवाई की। इस सुनवाई में केपटाउन के लगभग 50 फ्लैट मालिक, बिल्डर, सुपरटेक के प्रतिनिधि, केपटाउन एओए अध्यक्ष अरुण शर्मा और 3 रेरा के अधिकारी शामिल हुए। रेरा अधिकारियों ने फ्लैट मालिकों की समस्याओं को सुना और सुपरटेक से स्पष्टीकरण मांगा।

सुपरटेक केपटाउन के एओए अध्यक्ष अरुण शर्मा, फ्लैट मालिक शशि शर्मा, राजीव रस्तोगी, मेजर जनरल आरके रैना और नरेश दुआ ने बिल्डर और नोएडा प्राधिकरण द्वारा बिना कारण रजिस्ट्री रोकने से होने वाले मानसिक पीड़ा को बताया। उन्होंने बताया कि 1700 फ्लैट मालिकों ने एक-एक पैसे का भुगतान बिल्डर को किया हुआ है पर उनकी रजिस्ट्री रोककर उनको मालिकाना हक से वंचित रखना नैतिक और कानूनी रूप से अवैध और मानसिक व



■ 50 बायर, बिल्डर, सुपरटेक के प्रतिनिधि व एओए हुए ऑनलाइन सुनवाई में शामिल

आर्थिक शोषण है। प्राधिकरण अपने बकाया की वसूली के लिए बिल्डर की निजी या अन्य संपत्ति को बंधक बनाए पर केपटाउन में रुकी हुई रजिस्ट्री यथा शीघ्र शुरू की जाए।

**बिल्डर पर है 508 करोड़ का कर्जा:** रेरा के सामने राजीव रस्तोगी ने बताया कि न हमें मालिकाना हक मिला है और न ही हम इसे बेच सकते हैं। शशि शर्मा ने शिकायत की कि बिल्डर ने किसी अन्य फाइनेंस कंपनी से ऋण के एवज में 2500 स्क्वायर फिट वाले फ्लैट को गिरवी रखा है। ऐसे में कोई सेल करता है तो उसे बिल्डर और फाइनेंस कंपनी दोनों से एनओसी के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। बिल्डर पर मौजूदा समय में 508 करोड़ रुपये की देनदारी है जो 1700 फ्लैट के हिसाब से एक फ्लैट पर लगभग 30 लाख रुपये है। रेरा अधिकारियों ने बिल्डर को कड़ी फटकार लगाते हुए लिखित में समयबद्ध कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा है। फ्लैट मालिकों को अपनी सभी समस्याओं को विस्तृत रूप से लिखकर एओए के माध्यम से रेरा तक पहुंचाने के लिए कहा है।